Title: Need to take constant vigil at the increasing ISI activities at the Indo-Nepal Border and in Bihar.

श्री राजीव प्रताप रूडी (छपरा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं जिस विषय को उठाने वाला हूं, वह राष्ट्र के लिए आने वाले दिनों में समस्या बनेगा। बिहार और उत्तर प्रदेश से सटी नेपाल सीमा पर

ISI

की गतिविधियां बढ़ रही है। जिस प्रकार से पोरस बार्डर पर

ISI

की गतिविधियां बढ़ रही हैं, वहीं खासकर बिहार में

ISI

का जाल बिछाया जा रहा है। जहां तक हाल-फिलहाल की घटना का संबंध है, हमारे केन्द्रीय मंत्री के दौरे पर जो घटना घटी है, उसमें इन ताकतों का हाथ हो सकता है। इसलिए इन सब स्थितियों को समझते हुए, बिहार और उत्तर प्रदेश में

ISI

की बढ़ती हुई गतिविधियों तथा जान-माल की सुरक्षा की ओर मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

1337 hours

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till thirty minutes

past Fourteen of the Clock.